सार-समाचार

हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई

कोटा, (निसं)। युवक की हत्या के करीब 5 साल पुराने मामले में महिला उत्पीडन प्रकरण क्रम-2 न्यायालय ने मामले में सुनवाई करते हुए पकड़े गये आरोपी को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। महिला उत्पीड़न प्रकरण क्रम-2 न्यायालय के न्यायाधीश ने युवक संदीप की हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए पकड़े गये आरोपी धमेन्द्र को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही 18500 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया। अपर लोक अभियोजक रामेत कुमार सैनी ने बताया कि फरियादी लड़की ने 14 जनवरी 2021 को सिमलिया थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि वह अपने भाई दिलीप एवं उसके ताऊ के लड़के संदीप के साथ परीक्षा देने के लिये कोटा आई थी। पेपर देने के बाद मोटरसाईकिल से तीनों वापस गांव जाते समय भौंरा गांव के समीप धमेन्द्र व उसके भाई ने मोटरसाईकिल को रूकवाया और किसी बात को लेकर चल रही अनबन के चलते धमेन्द्र ने कुल्हाड़ी से उसके भाई दिलीप और ताऊ के लड़के संदीप पर जान से मारने की नियत से दोनों पर हमला कर दिया। जब उसने बीच-बचाव किया तो उसके साथ उन लोगों ने धक्का-मुक्की की, और जब वह चिल्लाई तो हमलावर भाग गये। जिसके बाद उसने दोनों भाईयों को घायलावस्था में उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसके भाई संदीप की ईलाज दौरान मौत हो गई। पुलिस ने फरियादी लड़की की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अनुसंधान करते हुए धमेन्द्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले में अनुसंधान करने के बाद आरोपी के खिलाफ न्यायालय मे आरोप पत्र पेश किया। मामले में 19 गवाहों के बयान दर्ज कराये गये एवं 33 दस्तावेज पेश किये गये।

पंछियों व पक्षियों के लिए परिंडे बांधे

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी व उपायुक्त महावीर सिंह सिसोदिया ने प्रशासनिक भवन में छायादार जगहो पर पक्षियों के लिए पानी से भरे परिंडो को बांधा और इसी के साथ उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि शहर में मौजूद विभिन्न उद्यानो के साथ-साथ छायादार सार्वजनिक स्थानो पर भी परिंडे बांधे जाए। जिससे कि भीषण गर्मी के मौसम मे पंछियों को पानी की कमी ना हो। साथ ही इस मुहिम के तहत कोटा उत्तर क्षेत्र में छायादार स्थानों पर परिंडे बांधने के लिए लगभग 500 परिंडो की व्यवस्था की गई है। इस दौरान आयुक्त अशोक त्यागी ने डेएनयूएलएम की जिला प्रबंधक हेमलता गांधी को सामाजिक संगठनों व स्वंय सहायता समूह के साथ मिलकर कोटा उत्तर क्षेत्र के विभिन्न छायादार स्थानों पर पक्षियों के दाने-पानी की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। आयुक्त त्यागी ने शहरवासियों से आग्रह करते हुए कहा है कि शहरवासी भी इस परोपकारी मुहिम से जुड़कर पशु व पक्षियों के लिए इस भीषण गर्मी में छायादार स्थानों पर पानी की व्यवस्था करें। जिससे कि पशु-पक्षियों को हीट वेव व भीषण गर्मी से राहत मिल सकें। इस दौरान उपायुक्त महावीर सिंह सिसोदिया व निजी सहायक विकास सांखला एवं डेएनयूएलएम की जिला प्रबंधक हेमलता गांधी तथा अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सीएचसी कनवास का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। कोटा जोन संयुक्त निदेशक डॉ.एमपी सिंह व सीएमएचओ डॉ.नरेन्द्र नागर ने गुरूवार को सांगोद ब्लॉक के सीएचसी कनवास का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सक आपीडी में मरीजों को परामर्श देते मिले। हीटवेव बचाव, उपचार संबधी व्यवस्थाओं की जांच की गई। सीएचसी में बिजली, पानी, कूलर, पंखों की स्थिति की जांच की। 5 रिजर्व बेड की जानकारी ली। डेंगू वार्ड, लेबररूम, टीकाकरण कक्ष, दवा वितरण कक्ष, लैब आदि का मुआयना किया। लेबर रूम में 7 ट्रे के बारे में स्टाफ से जानकारी ली। संयुक्त निदेशक ने खराब एक्स-रे मशीन को दो दिवस में चालू करवाने के लिए बायोमेडिकल अभियंता को निर्देश दिए। अस्पताल मे एनपी एनसीडी कार्यक्रम के तहत स्क्रीनिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां मां वाउचार योजना, आयुष्मान आरोग्य योजना की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के संबध मे निर्देश दिए। स्टॉफ से विभागीय गतिविधियों की प्रगति में तेजी लाने के संबध में चर्चा की।

मारपीट मामले में सात आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। विज्ञान नगर पुलिस टीम ने मारपीट के मामले में दर्ज रिपोर्ट पर कार्यवाही करते हुए मारपीट के मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विज्ञान नगर थाना अधिकारी मुकेश मीणा ने बताया कि 22 अप्रैल को फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने दो साथियों के साथ पानी की टंकी के पास बैठा था तभी 4 बाईक पर कुछ व्यक्ति सरिया पाइप लेकर आए जिनमें सोहेल दुर्रानी, लोविश, दानिश डोरेमोन, साबिर, कासिम, अन्ना, नूर और कुछ अन्य ने आते ही मारपीट कर दी। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की गई थानाधिकारी बताया कि मामले में कार्यवाही करते हुए सात आरोपी संजय नगर निवासी दानिश, संजय गांधी नगर निवासी वाहिद खान, उड़िया बस्ती निवासी लोविश पठान, उड़िया बस्ती निवासी जाहिद उर्फ नूरा, उड़िया बस्ती निवासी आसिम उर्फ कासिम, उड़िया बस्ती निवासी साबिर हुसैन और संजय नगर उड़िया बस्ती निवासी सोहेल खान उर्फ दुरानी को गिरफ्तार किया गया है।

कोटा मंडल में यात्री सुविधाओं की बढ़ोत्तरी के लिए विशेष पहल

कोटा, (निसं)। यात्री सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में डीआरएम अनिल कालरा के मार्गदर्शन में कई सार्थक उठाए जा रहे है। इसी कड़ी में मंडल 6 स्टेशनों पर 10 अतिरिक्त बहुउद्देशीय स्टॉल खोले जा रहे है जिसमें 2 कोटा, 3 भरतपुर, 2 हिंडौन सिटी, 1 रामगंजमंडी, 1 भवानीमंडी एवं 1 बूँदी स्टेशनों के स्टॉल शामिल हैं। इन बहुउद्देशीय स्टॉल पर पैक्ड आईटम, जेनरिक दवाईयाँ, समाचार पत्र, मैगजीन, कोल्डड्रिंक, पानी की बोतल, तकिया, तालें इत्यादि की बिक्री की जाएगी। बहुउद्देशीय स्टॉलो के आवंटन लिए ई-टेंडर के माध्यम आवेदन आमंत्रित किए गए है। अधिक जानकारी के लिए डीआरएम कार्यालय के वाणिज्य शाखा में किसी भी कार्य-दिवस में सम्पर्क कर सकते है। अतिरिक्त बहुउद्देशीय स्टॉलो के माध्यम से यात्रियों की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के साथ स्टेशन पर उचित दर पर सामान यात्रियों को मुहैयाँ हो सकेगी।

जिला कलेक्टर ने पोषण किट बांटे

कोटा, (निसं)। निक्षय संबल योजना के तहत जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने गुरूवार को अपने कार्यालय कक्ष में शहर के 7 टीबी रोगियों को पोषण किट वितरित किए। यह किट रामदुलारी जिंदल मेमोरियल एण्ड हैल्थ केयर सोसायटी कोटा की ओर से निक्षय मित्र बनकर उपलब्ध कराए हैं। इस मौके पर सोसायटी के डॉ.दीपक कुलश्रेष्ठ, टीबी क्लिनिक से डॉ.चेतन शर्मा व उनका स्टॉफ आदि मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ.नरेन्द्र नागर ने बताया कि निक्षय संबल योजना के तहत जिले में पंजिकृत टीबी रोगियों को निक्षय मित्रों के माध्यम से पोषण किट उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी आम नागरिक, भामाशाह, संस्था, जनप्रतिधि, कर्मचारीगण, कॉरपोरेट आदि निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की पोषण सहायता या शिक्षा एवं रोजगार में सहायता कर सकता है। इसके लिए टीबी रोगियों की रजामंदी लेना आवश्यक है।

पुस्तकालय हेतु दो एयरकंडीशन भेंट किए

रामगंजमंडी, (निसं)। जवाहर नवोदय विद्यालय खैराबाद के एलुमनाई संगठन द्वारा विद्यालय के पुस्तकालय हेतु दो एयरकंडीशन उपहार में दिए गए हैं। विद्यालय के प्राचार्य आर के मीणा ने बताया की एलुमनाई संगठन द्वारा विद्यालय का भ्रमण किया गया और पुस्तकालय हेतु विद्यार्थियों की आवश्यकता अनुसार एयर कंडीशन की जरूरत महसूस की। इस हेतु यह उपहार संगठन के अध्यक्ष अरविंद कुमार मालव एवं सदस्य ऐश्वर्य सुनील व नेहा खींची द्वारा विद्यालय में प्राचार्य एवं पुस्तकालय अध्यक्ष विजय सिंह को सुपुर्द किया गया। प्राचार्य एवं विद्यालय परिवार द्वारा संगठन के सदस्यों का धन्यवाद व्यापित किया गया।

शालिनी गौतम को प्रभारी बनाया

कोटा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शालिनी भटनागर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार वक्फ़ सुधार जन-जागरण के प्रदेश संयोजक पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रक्षा भंडारी ने वक्फ सुधार जन-जागरण अभियान महिला मोर्चा कोटा संभाग का प्रभारी नियुक्त किया है

रामगंजमंडी आज बन्द

रामगंजमंडी, (निसं)। पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में हिन्दु व व्यापारी संगठनों की ओर से 25 अप्रैल शुक्रवार को रामगंजमंडी बंद का आव्हान किया गया। रामगंजमंडी हिन्दु व व्यापारी संगठनों द्वारा मंगलवार को हुई पहलगाम में पर्यटकों की हत्या की निंदा की गई साथ ही आतंकी हमले के विरोध में 25 अप्रैल शुक्रवार को रामगंजमंडी बंद कराने का निर्णय लिया गया।

धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने धोखाधड़ी कर ठगी के दो अलग-अलग मामलों में कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में जेल में बंद थे। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है।

शहर एसपी ने बताया कि फरियादी के परिवाद पर गुमानपुरा थाने में फरियादी को एक वर्ष में रकम को दुगनी करने का झांसा देकर 20 लाख रूपये की ठगी करने का मामला दर्ज किया गया, वही एक अन्य मामले में आरोपी द्वारा फरियादी को 10-12 लाख रूपये का फायदा कराने का झांसा देकर 28 लाख रूपये की ठगी करने का मामला दर्ज किया गया। शहर एसपी ने बताया कि धोखाधड़ी कर ठगी के दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस उपअधीक्षक योगेश शर्मा के निर्देशन में गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए कोटा के केन्द्रीय कारागृह में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे आरोपी जिला भीलवाड़ा के थाना जहाजपुर सदर बाजार सरसिया निवासी पवन को 20 लाख रूपये की ठगी के मामले में एवं जोधपुर कारागृह में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे आरोपी जिला ब्यावर के गायत्री नगर निवासी संतोष सिंह राजपुरोहित को 28 लाख रूपये की ठगी के मामले में गिरफ्तार किया। पकड़े गये दोनों आरोपियों से अनुसंधान जारी है।

ये थे मामले:- शहर एसपी ने बताया कि 17 अगस्त 2022 को फरियादी श्याम सुन्दर चतुर्वेदी ने शहर एसपी कार्यालय पर परिवाद पेश किया। फरियादी ने परिवाद में कहा कि पवन जैन व एक अन्य ने फरियादी को राशि एक वर्ष में दुगनी करने के नाम पर 20 लाख रूपये निवेश प्राप्त करते हुए धोखाधड़ी कर फरियादी की राशि हड़प ली। परिवाद पर गुमानपुरा थाने में मामला दर्ज कर अनुसंधान करते हुए आरोपी की तलाश की गई।

शहर एसपी ने बताया कि मामले में कार्यवाही करते हुए पवन जैन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध कोटा एवं अन्य जिलों में भी धोखाधड़ी के कई प्रकरण दर्ज है। अभियुक्त वर्तमान में केन्द्रीय कारागृह कोटा में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा है जिसे प्रकरण में गिरफ्तार कर अनुसंधान जारी है।

दूसरा मामला:- शहर एसपी ने बताया कि वही फरियादी कमल बनानी ने 6 जनवरी को गुमानपुरा थाने में रिपोर्ट दी थी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा था कि उसे फोरच्यूनर कार खरीदनी थी, इस दौरान उसकी मुलाकात संतोष सिंह राजपुरोहित से हुई। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि संतोष सिंह राजपुरोहित ने कार की खरीद पर 10-12 लाख रूपये का फायदा कराने का झांसा दिया और अगस्त 2023 में 28 लाख रूपये ऑनलाईन ट्रांसफर करवाकर अन्य व्यक्ति के नाम कार की डिलीवरी ले ली और धोखाधड़ी करते हुए फरियादी की रकम 28 लाख रूपये हड़प लिये।

फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज करते हुए आरोपी संतोष सिंह राजपुरोहित की तलाश की गई और टीम ने कार्यवाही करते हुए आरोपी संतोष सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी वर्तमान में जोधपुर जेल में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा था। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

सार-समाचार

कब्रिस्तान की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर मुस्लिम समाज ने ज्ञापन दिया

झालावाड़ (निसं)। झालावाड़ के सिटी फोरलेन स्थित कब्रिस्तान की खसरा संख्या 2130 पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों ने जिला कलेक्टर को कार्यवाही कर अतिक्रमण हटवा कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि शहर झालावाड में खसरा संख्या 2360/1,2361 पर व्यवसायिक भू उपयोग परिवर्तन के लिए नगर परिषद झालावाड में पत्रावली प्रस्तुत की गई है चुकी खसरा संख्या 2360/1,2361 पर कोई भी जगह रिक्त नही है तथा इन खसरा नंबरों के समीप कब्रस्तान का खसरा संख्या 2130 स्थित है जो रिक्त है अत: कुछ लोग भू उपयोग परिवर्तन करवाकर निर्माण खसरा संख्या 2130 पर करना चाह रहे है जो अवैध है। जिला वक्फ बोर्ड चेयरमैन रमजान खान ने बताया कि नियमानुसार कब्रस्तान की भूमि किसी को नही दी जा सकती है इसलिए हम जिला प्रशासन से मांग करते है कि कब्रस्तान की खसरा संख्या 2130 की पैमाईश कराई जावे जिससे वास्तविक स्थिति सामने आ सके तथा कब्रस्तान की भूमि अतिक्रमण मुक्त रह सकेऐसा नही होने पर हमें माननीय सक्षम न्यायालय की शरण में जाना पडेगा।

कार्यकारिणी घोषित

कोटा, (निसं)। सारस्वत ब्राह्मण हितकारी समिति (सारस्वत ब्राह्मण समाज) कोटा संभाग के लगातार छठी बार अध्यक्ष चुने जाने के बाद मुकेश सारस्वत ने कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। बताया कि कार्यकारिणी में महामंत्री पद पर कुलदीप शर्मा, उपाध्यक्ष पद पर भूपेन्द्र शर्मा, सहमहामंत्री पद पर ओमप्रकाश शुक्ला, संगठन मंत्री पद पर विक्रम ओझा व कोषाध्यक्ष पद पर संदीप ओझा चुने गए। इसके साथ ही नवल किशोर शर्मा, महावीर शुक्ला, नंदकिशोर शुक्ला, नारायण लाल शर्मा व प्रहलाद सारस्वत संरक्षक हैं।

सिंधु हॉस्पिटल में सर्किल की ओर से नि:शुल्क शिविर लगाया

कोटा, (निसं)। सिंधु हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर कोटा में सिंधु समाज कल्याण समिति कोटा, सिंधु सोशल सर्कल और सिंधु महिला सर्कल के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 413 ने जांच व परामर्श का लाभ लिया।

सर्कल के अध्यक्ष विमल परयानी ने बताया कि शिविर में नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महेंद्र कुमार गुप्ता, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विनय ग्वालानी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संगीता जैन व डॉक्टर अभिलाषा किंकर, फिजिशियन डॉक्टर मुस्तफा बोहरा, विशेषज्ञ डॉक्टर अब्दुल रब, मनोचिकित्सक डॉक्टर मनाल शेख ने अपनी सेवाएं दी।

सर्कल के सचिव किशन रतनानी ने बताया कि शिविर में अस्थि घनत्व जांच, लिपिड प्रोफाईल, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, नसों की जांच, दम की जांच नि:शुल्क की गई।

कोटा में संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में सिंधु समाज कल्याण समिति कोटा के सलाहकार मुरलीधर अलरेजा, अध्यक्ष अशोक झमटानी, सचिव निरंजन महबूबाणी, सिंधु सोशल सर्कल के अध्यक्ष विमल परयानी, सचिव किशन रतनानी, सांस्कृतिक सचिव प्रेम संतवाणी, कोषाध्यक्ष मनोहर दयानी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ विनय ग्वालानी , शंकर सुखवानी, सर्कल के संस्थापक सचिव गोपाल सपरा, सिंधु महिला सर्कल की अध्यक्ष नीतू वनवानी, सचिव निर्मला आहूजा, पूर्व अध्यक्ष राज ठाकुर, कमल सपरा, विनोद अज्वानी, दामोदर वनवानी आदि उपस्थित थे।

आतंकवादी हमले के विरोध में कार्यवाही की मांग की

कोटा, (निसं)। राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान के संभागीय अध्यक्ष नवनीत महर्षि के निर्देश अनुसार संगठन के कोटा जिले के अध्यक्ष तेजराज सिंह एवं प्रदेश संभागीय सचिव नंदलाल पवन के संयुक्त नेतृत्व में 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम जिले में हुए आतंकवादी हमले के विरोध स्वरूप भारत सरकार के राष्ट्रपति को जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट के माध्यम से ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उल्लेखनीय है कि इस दर्दनाक घटना से संपूर्ण देशवासी आहत और शोकग्रस्त है। सरहद पार से प्रायोजित इस खूनी हमले में 27 देशवासियों की हत्या हो गई है, साथ ही अनेक निर्दोष नागरिक घायल हुए हैं। इस कायराना और शर्मनाक हमले की जितनी भी भर्त्सना की जाए, कम है। संगठन ने इंसानियत पर हुए इस हमले की कठोरतम शब्दों में निंदा करते हुए अनुरोध किया हैं कि इस त्रासदी के मुख्य सूत्रधार सहित सभी दरिंदों को चिन्हित कर सख्त कार्यवाही की जाए।

नाम परिवर्तन
पूर्व में मेरा नाम मधु अगरवाल था जिसे बदलकर मैंने मधु अग्रवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे, निवासी-चरेलिया बस्ती, सहकारी समिति के पास, वार्ड नं.-7, सांगोद, जिला-कोटा

'पेयजल संबंधी कार्य शीघ्र पूरे हों'

बूंदी (निसं)। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने सांसद एवं विधायक कोष से स्वीकृत हैंडपंप व ट्यूबवेल की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि सभी पेयजल संबंधी कार्य प्राथमिकता के साथ अतिशीघ्र शुरू करवाकर पूरे किए जावें, ताकि आमजन को गर्मी के मौसम में पेयजल समस्या का सामना नहीं करना पडे। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न मदों से स्वीकृत पेयजल संबंधी कार्यों को आगामी 30 अप्रेल तक अधिक से अधिक संख्या में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन ग्राम पंचायतों में पेयजल की अधिक समस्या है, वहां टैंकरों से जलापूर्ति की जाए।

नाम परिवर्तन
मैंने अपना पुराना नाम तुषार लालवानी से बदलकर नया नाम तुषार कुमार लालवानी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-तुषार कुमार लालवानी पुत्र उद्धव दास लालवानी, 362 शास्त्री नगर दादाबाड़ी, कोटा

खोया पाया
फजलू रहमान पुत्र अब्दुल रहमान मंसूरी म.नं. 4-छ-42 विज्ञान नगर कोटा का अदेय प्रमाण पत्र, कब्जा पत्र, इन्वेन्टरी पत्र, आवंटन पत्र गुम हो गया है। जिसे मिले निम्न मो. पर सूचित करें।
मो. 9691005266

खोया पाया
श्रीमती नीरजा रस्तोगी पत्नी श्री जीएस रस्तोगी आवास संख्या सी-22 न्यू जवाहर नगर कोटा का मूल आवंटन पत्र व प्रमाण पत्र गुम हो गया है, किसी को मिलने पर सूचित करें।

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आज कोटा बंद रहेगा

कोटा, (निसं)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद शुक्रवार 25 अप्रैल को कोटा बंद करेगी। इस संबंध में गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। बंद के साथ आतंकियों और उनके पनाहगारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी। इस बंद के आव्हान को देखते हुए निजी स्कूलों में छुट्टी की घोषणा कर दी गई है। उनके पेरेंट्स को स्कूल प्रबंधन ने मैसेज भेज दिया है। इसमें सीबीएसई स्कूल भी शामिल हैं।

बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष प्रताप सिंह नागदा ने की। उन्होंने कहा कि यह बंद आर्थिक नुकसान पहुंचाने या व्यापारियों को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं है। यह बंद केंद्र सरकार को संबल देने के लिए है कि हमारा नेतृत्व कमजोर नहीं है आप आगे बढ़ें।

प्रॉपर्टी कार्निवल का आयोजन

कोटा, (निसं)। शुभम ग्रुप, कोटा द्वारा रेलवेकर्मियों के लिए विशेष प्रॉपर्टी कार्निवल का आयोजन सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट, गंगापुर सिटी में 23 और 24 अप्रैल 2025 को शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक किया गया है। इस अवसर पर शुभम ग्रुप के विभिन्न आवासीय प्रोजेक्ट्स में प्लॉट और विला खरीदने के लिए विशेष स्कीम पेश की गई। शुभम ग्रुप के निदेशक अरुण मेहता ने कार्निवल के बारे में बताते हुए कहा, 'हमारा उद्देश्य रेलवेकर्मियों के लिए आवास की जरूरतों को पूरा करना है। हम समझते हैं कि उनकी विशेष आवश्यकताएं हैं और हमारे प्रोजेक्ट्स उनके लिए आदर्श स्थान पर स्थित हैं। हमारे नॉर्थ-एक्स टाउनशिप में प्लॉट और विला सोगरिया रेलवे स्टेशन के नजदीक हैं, जो रेलवेकर्मियों के लिए बहुत सुविधाजनक है। यह समय है जब सपनों का घर बनाने का सपना साकार हो सकता है। उन्होंने आगे कहा, 'हम यह भी समझते हैं कि घर खरीदना एक बड़ा निर्णय है, इसलिए हमने विशेष वित्तीय योजनाएं और आकर्षक छूट भी प्रदान की हैं। हमारा मानना है कि हर परिवार का अपना घर होना चाहिए, और हम इसे संभव बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' जीएम ओमपाल सिंह शेखावत ने बताया, कि 'कार्निवल में आने वाले हर व्यक्ति को हमारे अनुभवी प्रॉपर्टी एक्सपर्ट्स द्वारा व्यक्तिगत मार्गदर्शन दिया जाएगा। हमारी टीम वित्तीय योजनाओं, स्थान के लाभ और निवेश के अवसरों के बारे में विस्तार से बताएगी।' सेल्स मैनेजर जितेन्द्र चौहान ने प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी देते हुए कहा, 'हमारे प्रमुख प्रोजेक्ट्स- नॉर्थ-एक्स टॉउनशिप (स्टेशन रोड, कोटा), साउथ-एक्स गेटेड टॉउनशिप (रायपुरा, कोटा), बेंचमार्क सिटी (बूंदी रोड, कोटा), होरिज़न पार्क (बूंदी रोड, कोटा), माईलस्टोन टॉउनशिप (के-पाटन रोड, कोटा) और सिलिकॉन सिटी (बूंदी रोड, कोटा)-सभी स्ट्रैटेजिक लोकेशन पर स्थित हैं और आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। मुकेश भाटी ने वित्तीय विकल्पों के बारे में बताया, 'हमने सभी प्रमुख बैंकों के साथ गठजोड़ किया है ताकि प्रॉपर्टी लोन की प्रक्रिया आसान हो सके। विशेष बुकिंग अवधि के दौरान न्यूनतम प्रोसेसिंग शुल्क और आकर्षक ब्याज दरों का लाभ उठाया जा सकता है। उन्होने कार्निवल में आने वाले आगंतुकों/विजिटर्स के लिए कहा कि हर विजिट पर आकर्षक गिफ्ट्स, अल्पाहार की व्यवस्था, अनुभवी प्रॉपर्टी एक्सपर्ट्स से मार्गदर्शन, सभी प्रमुख बैंकों से प्रॉपर्टी लोन सुविधा दी जाएगी। ओमपाल सिंह शेखावत ने कहा कि शुभम ग्रुप 18 वर्षों से कोटा और आसपास के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण आवासीय परियोजनाओं के विकास में अग्रणी रहा है। कंपनी केडीए अप्रूव्ड और रेरा रजिस्टर्ड प्रोजेक्ट्स का निर्माण करती है।

'राजस्व अधिकारी अपने कार्यों के साथ सामाजिक सरोकार के कार्य भी करें'

झालावाड़, (निसं)। राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक गुरूवार को जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई।

जिला कलेक्टर ने बैठक में कहा कि राजस्व अधिकारी अपने विभागीय कार्यों के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के कार्य भी करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के आगामी 2 माह बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। इस अवधि में आमजन हेतु पेयजल आपूर्ति का विशेष ध्यान रखना होगा। उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर पेयजल आपूर्ति की व्यापक व्यवस्था के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत जिन गांवों में नल कनेक्शन हो चुके हैं उनमें संबंधित अधिकारियों के सहयोग से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि जहां-जहां पानी के टैंकर सप्लाई की आवश्यकता हो वहां वेरिफाई कर तुरंत टैंकर से जलापूर्ति की व्यवस्था की जाए। उन्होंने गांवों में पेजयल आपूर्ति के लिए पीएसपी व्यवस्था को भी चैक करवाने के निर्देश दिए। साथ ही जिन क्षेत्रों में बूस्टर का अधिक उपयोग किया जा रहा हो वहां पेजयल आपूर्ति के समय विद्युत आपूर्ति बन्द करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने जल संसाधन विभाग के तहत् चल रही विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के तहत अवाप्त की गई भूमि के नामान्तरण जल संसाधन विभाग के नाम करवाने संबंधी शेष प्रकरणों का निस्तारण यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारियों को खनिज विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अवैध खनन की रोकथाम हेतु उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को तेज गति से एवं बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी से जिले में खरीद केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर चल रही गेहूं की खरीद के कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक खरीद केन्द्र पर जाकर पूर्ण रूप से मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। साथ ही खरीदे गए गेहूं को नियमित रूप से वेयर हाऊस में पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने न्यायालयों में ज्यादा समय से लम्बित चल रहे राजस्व अभियोगों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश सभी उपखण्ड अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि आमजन से प्राप्त सम्पर्क पोर्टल पर ऑनलाईन तथा ऑफलाईन प्राप्त शिकायतों का समय पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने भूमि अवाप्ति के मामलों, सीमा ज्ञान, नामान्तरण, इजराय, रोड़ा एक्ट, पीडीआर एक्ट, एलआर एक्ट, धारा 251, धारा 251ए, धारा 136, म्यूटिशन, गैर खातेदारी से खातेदारी के प्रकरणों पर चर्चा करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश समस्त राजस्व अधिकारियों को दिए।

कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण, राजस्थान
क्रमांक-ननि (दक्षिण) को/उपा.रा./2025/7401-7402 दिनांक 24.4.25
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को जर्ये आम सूचना सूचित किया जाता है कि श्री जय सिंह राठौड पुत्र श्री कान्हा सिंह निवासी 877, डॉ. सुखलाल की गली, वार्ड नं. 45, छावनी रामचन्द्रपुरा कोटा नगर निगम कोटा की होटल/रेस्टोरेन्ट/मैस उपविधि 2016 के अनुसार COUNTRY EXPRESS BAR 2-GA-29, विज्ञान नगर योजना, कोटा में संचालन करने की अनुमति चाही गई है।
इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा के ब्लॉक ए के प्रथम तल के कमरा नं. 238 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी तथा उपविधि 2016 के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।
उपायुक्त राजस्व नगर निगम कोटा (दक्षिण)

कार्यालय नगर निगम, कोटा-दक्षिण, कोटा, राजस्थान
क्रमांक:-ननिको/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/19257 दिनांक: 21.3.25
स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री महेन्द्र कुमार राठौर एवं श्री राजेन्द्र कुमार पिसरान स्व. श्री आत्मा राम निवासी-804-केशवपुरा कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण भूखंड संख्या-804-केश